देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 14.05.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि पाकिस्तान में अब ऐसी कोई जगह नहीं बची है जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। कहा– ऑपरेशन सिंदूर भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिमूर्ति है।
- न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई आज 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे।
- आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा आज से शुरू। 100 से अधिक यात्रियों ने कराया पंजीकरण।
- स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने प्रदेश में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन, चिकित्सकों व अन्य चिकित्सा स्टाफ की नियुक्ति के निर्देश दिए।
- ऑपरेशन प्रहार' के तहत उत्तराखंड पुलिस ने देश के 17 राज्यों में 290 साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि पाकिस्तान में अब कोई ऐसी जगह नहीं बची है, जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। उन्होंने कहा कि भारत के पास आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर खत्म करने की क्षमता है। श्री मोदी ने यह बात पंजाब के आदमपुर वायुसेना स्टेशन पर वायु सेना के जवानों को संबोधित करते हुए कही।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की जीत है।

राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान

ऑपरेशन सिंदूर पर ग्यारह दिन का राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान शुरू किया गया है। मुख्य रूप से तिरंगा यात्रा के नाम का यह अभियान पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की सफलता को लोगों तक पंहुचायेगा। यह अभियान 23 मई तक चलेगा।

मुख्य न्यायाधीश

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई आज 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में उन्हें शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति बी आर गवई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लेंगे, जो आज सेवानिवृत्त हो गए।

तपेदिक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश से तपेदिक की बीमारी को पूरी तरह से खत्म करने के लिए चलाए गए अभियान से संबंधित बैठक की अध्यक्षता की। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आदि कैलाश यात्रा

नैनीताल जिले के काठगोदाम से आज से आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा शुरू हो रही है। कुमाऊं मंडल विकास निगम ने यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यात्रा का पहला 19 सदस्यीय दल काठगोदाम से रवाना होकर नैनीताल, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ के विभिन्न मंदिरों के दर्शन करते हुए गुंजी पहुंचेगा। जहां से जौलिंगकोंग में आदि कैलाश और नाभीढांग में ओम पर्वत के दर्शन किए जाएंगे। यात्रा के लिए सौ से अधिक यात्रियों ने पंजीकरण कराया है।

हज कमेटी में

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर पहली बार नामित हज कमेटी में राज्य की तीन मुस्लिम महिलाओं को जगह दी गई है। शासन की ओर से जारी की गई कमेटी सूची में कोटद्वार नगर निगम की पार्षद रिजवाना परवीन, हल्द्वानी की तरन्नुम खान और अल्मोड़ा की शाहिदा सिराज के साथ ही विधायक लक्सर शहजाद को भी समिति में प्रतिनिधित्व दिया गया है। इसके अलावा जिशान अहमद, हसीब अहमद, इस्लामुद्दीन अंसारी, समीर जाफरी, खतीब अहमद, मन्नान राजा, हाजी अबरार हुसैन, हाजी फईम खान को भी समिति में नामित किया गया है।

विजिलेंस टीम

विजिलेंस ने टिहरी गढ़वाल की धनोल्टी तहसील में कार्यरत नाजिर को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर जमीन के म्यूटेशन प्रक्रिया में सही रिपोर्ट लगाने के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप है। विजिलेंस टीम उसकी चल–अचल संपत्तियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। निदेशक विजिलेंस डॉ. वी मुरुगेशन बताया कि टिहरी के एक व्यक्ति ने विजिलेंस सेक्टर देहरादून में लिखित शिकायत की थी। उसने बताया कि उसने थत्यूड़ जौनपुर के ग्राम छनाड़ में एक वर्ग मीटर जमीन

खरीदी थी। इसके म्यूटेशन के लिए उसने धनोल्टी तहसील में फाइल जमा कराई थी। लेकिन, वहां का नाजिर बार–बार उसकी फाइल पर गलत रिपोर्ट लगा रहा था। इस पर उसने नाजिर से बात की तो उसने सही रिपोर्ट लगाने की एवज में 15 हजार रुपये की रिश्वत मांगी।

गोल्डन काड

स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने अधिकारियों को प्रदेश में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन, चिकित्सकों और अन्य चिकित्सा स्टाफ की नियुक्ति के निर्देश दिए हैं। देहरादून में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की बैठक में डा. रावत ने राज्य के कर्मचारियों, पेंशनरों और उनके आश्रितों को गोल्डन कार्ड के माध्यम से इलाज कराने में आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों को दूर करने पर जोर दिया। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को लाभार्थियों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ठोस प्रस्ताव तैयार कर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

साइबर पुलिस

'ऑपरेशन प्रहार' के तहत उत्तराखंड पुलिस ने देश के 17 राज्यों में 290 साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की है। प्रदेश के देहरादून और रुद्रपुर के साइबर थानों की 23 टीमों ने 42 दिनों तक यह अभियान चलाया। एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत भुल्लर ने बताया कि पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ के निर्देश पर ऑपरेशन प्रहार शुरू किया गया। इसमें साइबर पुलिस ने दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और गोवा में एक साथ कार्रवाई की। इसमें साइबर कमांडो भी शामिल रहे। इसके लिए सभी राज्यों की पुलिस से समन्वय भी स्थापित किया गया।

परीक्षा में छात्राओं

सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष भी लड़कियों ने बाजी मारी है। देहरादून रीजन में लड़कों की तुलना में 10वीं में 3 दशमलव 8 आठ सात प्रतिशत अधिक लड़कियां उत्तीर्ण हुई हैं। जबकि 12वीं में भी लड़कियां का परिणाम 8.23 प्रतिशत ज्यादा रहा। इस वर्ष 12वीं में बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 90 हजार 849 छात्र–छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। इसमें 51 हजार 2 सौ 71 छात्र व 39 हजार 5 सौ 78 छात्राएं शामिल हुए। जिनमें से कुल 90 हजार 348 छात्र–छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई। जिसमें से 83.45 फीसदी छात्र–छात्राएं पास हुए।

शैलेश मटियानी पुरस्कार

शिक्षा विभाग ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों से शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे हैं। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉक्टर मुकुल कुमार सती ने कहा कि शिक्षकों को 10 जुलाई तक पुरस्कार के लिए ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन जमा कराना होगा।

उन्होंने बताया कि राजकीय माध्यमिक, प्रारंभिक शिक्षा, सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक, डायट एवं संस्कृत शिक्षा के शिक्षकों से वर्ष 2025 के लिए आवेदन पत्र नए प्रारूप में मांगे गए हैं। पुरस्कार के लिए आवेदन करने वाले शिक्षक अपर शिक्षा निदेशक गढ़वाल मंडल एवं कुमाऊं मंडल के साथ ही मुख्य शिक्षा अधिकारी, ब्लाक शिक्षा, और डायट कार्यालय से जानकारी ले सकते हैं।

गंगोत्री– यमुनोत्री

प्रदेश में चारधाम यात्रा चरम पर है। पंजीकरण के लिए बड़ी संख्या में चारधाम यात्री हरबर्टपुर और डाकपत्थर पहुंच रहे हैं। कल हरबर्टपुर अंतर्राज्यीय बस अड्डे और विकासनगर के डाकपत्थर चैक पोस्ट से 1 हजार 785 तीर्थयात्री यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुए। हरबर्टपुर और नया गांव पेलियो स्थित केंद्रों पर 8 सौ 38 तीर्थयात्रियों ने ऑफलाइन पंजीकरण कराया।

यूसीसी पंजीकरण

चंपावत जिले के जिलाधिकारी नवनीत पांडे के निर्देश पर जिले में सभी ब्लॉकों और गांवों में यूसीसी पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान ग्राम पंचायत बिरगुल, नायकगोठ, बनबसा, गंवाई और बाराकोट में यूसीसी शिविर का आयोजन किया गया। वहीं दूसरे चरण में 37 पंजीकरण हुए।

और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदमपुर वायु सेना स्टेशन दौरे को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने प्रधानमंत्री के हवाले से लिखा है– घुसकर मारेंगे, बचने का मौका भी नहीं देंगे। इस खबर पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है– पानी तभी, जब रूके आतंकवाद।

दैनिक जागरण का शीर्षक है – पाक में ऐसी जगह नहीं, जहां छिप सकें आतंकी, घर में घुसकर मारेंगे।

अमर उजाला ने लिखा है– आतंककियों के लिए पाकिस्तान भी महफूज नहीं, हम घर में घुस कर मारेंगे।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है।

10वीं और 12वीं के नतीजों में बेटियों का परचम– अमर उजाला का शीर्षक। इस खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है– पास होने वाले बढ़े पर दक्षता में कमी आई। दैनिक जागरण का शीर्षक है– देहरादून रीजन में 12वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत गिरा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश में भ्रष्टाचार के विरूद्ध कार्रवाई निरंतर जारी। इस खबर को सभी समाचार पत्रों ने स्थान दिया है। राष्ट्रीय सहारा लिखता है– रिश्वत लेते नाजिर रंगे हाथ गिरफ्तार।